**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 02.04.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 02.04.2025 को जिलाधिकारी महोदय, झाँसी की अध्यक्षता में जनपद झाँसी की जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक आहूत की गयी। बैठक में निम्नानुसार सदस्य/अधिकारी उपस्थित रहें :-

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | श्री योगेन्द्र कुमार | अपर जिलाधिकारी (न.नं.), झाँसी। |
| 2 | श्री सुनील कुमार | जिला विकास अधिकारी, झाँसी। |
| 3 | श्री बाल गोविन्द श्रीवास्तव | जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी। |
| 4 | श्री रणविजय सिंह | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्या., उ.प्र. जल निगम, झाँसी। |
| 5 | श्री अखिलेश बाबू | सहायक अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी। |
| 6 | श्री योगेश कुमार | अधिशासी अभियन्ता, बेतवा प्रखण्ड, सिंचाई विभाग, झाँसी। |
| 7 | श्री रजनेश गुप्ता | अधि.अभि. प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., झाँसी। |
| 8 | श्री अर्जुन ठाकुर | टीम लीडर, पी.एम.सी., झाँसी। |
| 9 | श्री राजेश गुप्ता | टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 10 | श्री फैजल सलामत | डिप्टी टीम लीडर, टी.पी.आई., झाँसी। |
| 11 | श्री विजय लोखण्डे | जी.एम., मेसर्स एन.सी.सी., झाँसी। |
| 12 | श्री सुमित गुप्ता | बी.जी.सी.सी., झाँसी। |
| 13 | श्री विशाल चौधरी | यूनिप्रो टेक्नो इन्फा, झाँसी। |
| 14 | श्री अक्षय जाट | डी.पी.एम., डारा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फा0 |
| 15 | श्री ओ.पी.एस.एस. मूर्ति | ए.जी.एम., मेसर्स आई.एच.पी., झाँसी। |
| 16 | श्री सुवेन्द्र सिंह | प्रतिनिधि मेसर्स एच.एम.एस. इन्फा. |

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा में निम्न बिन्दुओं पर निर्देशित किया गया :-

- **जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद झाँसी में निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यो की समीक्षा।**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनके कार्यो की अद्यतन प्रगति निम्नानुसार है :-

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन गुलारा, पुरवा एवं बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में विधान सभा क्षेत्र बबीना एवं मऊरानीपुर के सम्मिलित ग्रामों में अनुबन्धित फर्म द्वारा कराये गये गृह संयोजनों (FHTC) एवं सड़क पुर्नस्थापना सम्बन्धी कार्यो का विवरण जिलाधिकारी महोदय, झाँसी के पत्रांक 307/जल जीवन मिशन–कार्य–92/15 दिनांक 03.03.2025 एवं 308/जल जीवन मिशन–कार्य–92/16 दिनांक 03.03.2025 के माध्यम से श्री राजीव सिंह "पारीछा" जी, माननीय विधान, विधान सभा क्षेत्र, बबीना एवं एवं श्रीमती रश्मि आर्या जी, माननीय विधायक, विधान सभा क्षेत्र–मऊरानीपुर को अपने स्तर से सत्यापन कराने हेतु प्रेषित की गयी है, ताकि यदि अभी भी उक्त योजनाओं के कार्यो में किसी प्रकार की कमी इंगित होती है, तो उसे फर्म के माध्यम से सही कराया जा सकें।

<u>पथावली ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 37 ग्रामों में से 36 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 87 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रयास करते हुये योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में शत–प्रतिशत गृह संयोजनों में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें।

तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 25 ग्रामों से 24 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 93 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।



बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 59 ग्रामों में से 50 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है, जिस पर फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया है कि 07–08 ग्रामों कुछ भाग, जो ग्राम के ऊँचाई वाले हिस्से में स्थित में पर्याप्त श्राव से पेयजल नही पहुँच पा रहा है, जिसके निराकरण हेतु बूस्टर पम्प लगाने का कार्य प्रगति पर है, जिसें आगामी 10 दिवसों में पूर्ण कराते हुये योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों  नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त सिविल कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। 7600 नग गृह संयोजनो के माध्यम से योजना में सम्मिलित कुल 87 ग्रामों में से 54 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 37 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत निर्मित 13 नग ओवर हैड टैंकों को भर दिया गया है। परन्तु ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिस पर योजना के कार्यो हेतु अनुबन्धित फर्म के जी.एम. श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में श्रमिकों की संख्या बढ़ायी गयी है, आगामी 15–20 दिनों में समस्त ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये योजना में सम्मिलित समस्त ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा निर्देशित किया गया कि माह अप्रैल–2025 के अन्त तक प्रत्येक दशा में योजना के समस्त ग्रामों सुचारू रूप जलापूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में फर्म के विरूद्व दण्डात्मक कार्यवाही करने हेतु प्रकरण उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दिया जायेगा।

टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना :– योजनान्तर्गत 2 नग इन्टेक वेल, 2 नग वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट, 27 नग ओवर हैड टैंक, 20 नग सी.डब्लू.आर., 5.12 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 188.275 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन,

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

1239.45 किमी. वितरण प्रणाली तथा 54860 नग एफ.एच.टी.सी. (गृह संयोजन) किया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 02 नग इन्टेक वेल–100%, वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट–95%, 27 नग ओवर हैड टैंक–95%, 20 नग सी.डब्लू.आर.–95%, 5.57 किमी. रॉ–वाटर राईजिंग मेन, 271.37 किमी. क्लीयर वाटर राईजिंग मेन, 1381.50 किमी. वितरण प्रणाली, 44360 नग एच.टी.सी. (अक्रियाशील एफ.एच.टी.सी.) कार्य पूर्ण किया जा चुका है। टेहरका ग्रा.स.पे.यो. में 6950 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 43 ग्रामों को कमीशन्ड करते हुये 17 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है तथा बरधरी ग्रा.स.पे.यो. में 6380 नग क्रियाशील गृह संयोजन (एफ.एच.टी.सी.) के माध्यम से योजना में सम्मिलित 32 ग्रामों आंशिक एवं 11 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ की जा चुकी है। योजनाओं के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म मैसर्स बी.जी.सी.सी. के जी.एम. श्री सुमित गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि बरधरी ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत निर्मित घटकों के अवशेष कार्यों को माह के अन्त तक पूर्ण कराते हुये योजना के समस्त कार्यों को मई–2025 तक पूर्ण कराते हुये योजनान्तर्गत पूर्ण क्षमता पर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

इसी प्रकार टेहरका ग्राम समूह योजनान्तर्गत निर्मित ओवर हैड टैंकों को वितरण प्रणाली पाइप लाइन से जोड़े जाने का कार्य प्रगति पर है, जिसे पूर्ण कराते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया है कि श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा में अप्रैल–2025 तक योजना के समस्त ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।



<u>कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :– योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। योजना में सम्मिलित 74 ग्रामों से 71 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत काया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 90 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा योजना के कार्यों हेतु अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि विशेष प्रयास करते हुये योजनान्तर्गत सम्मिलित ग्रामों में कम से कम 95 प्रतिशत गृह संयोजनों में जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें। ताकि पत्रावली तैयार कर उच्चाधिकारियों/शासन को अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा सकें। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों के कारण जलापूर्ति बन्द 06

Scanned with OKEN Scanne

Scanned with CamScanner

ग्रामों मे से 03 ग्राम में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी गयी है। परन्तु शेष पाइप लाइन की मरम्मत लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक प्रारम्भ नही की गयी है, जिस कारण शेष 03 ग्रामों की जलापूर्ति वर्तमान मे भी बन्द है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा रोष व्यक्त करते हुये बैठक मे उपस्थित लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य अपने स्तर से पूर्ण कराते हुये शेष 03 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।

<u>पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान मे योजना मे समस्त ग्रामों मे पेयजल आपूर्ति की जा रही है। योजना मे सम्मिलित 32 ग्रामों मे से 32 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 96 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।

<u>बड़वार ग्राम समूह पेयजल योजना</u> :- योजनान्तर्गत प्रस्तावित लगभग समस्त कार्यो को पूर्ण किया जा चुका है। योजना हेतु अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में सम्मिलित 58 ग्रामों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ करते हुये 58 ग्रामों का "हर घर जल" प्रमाणीकरण कार्य पूर्ण करा दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि योजना का पुनः Functionality Test कराया गया है, जिसमें प्राप्त परिणामों के अनुसार योजनान्तर्गत 92 प्रतिशत गृह संयोजनों मे जलापूर्ति की जा रही है।

साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि बचावली, तिलैथा तथा कुरैछा के कार्यो का विवरण शीघ्र सम्बन्धित विधान सभा सदस्य को सत्यापन कराने हेतु प्रेषित किया जायें।

योजनान्तर्गत विद्युत आपूर्ति पर्याप्त न होने के कारण जलापूर्ति में उत्पन्न हो रहे व्यवधान का प्रकरण जिलाधिकारी महोदय के संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता (वि./यां.), जल निगम (ग्रामीण), झाँसी को निर्देशित किया गया कि रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति हेतु पत्र जिलाधिकारी महोदय, झाँसी के माध्यम से मुख्य अभियन्ता, विद्युत विभाग को प्रेषित कराया जायें।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन (रिट्रोफिटिंग/पुर्नगठन/नई योजनायें) 04 पैकेजों की समीक्षा की गयी, जिसके सापेक्ष अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया, कि-

<u>पैकेज संख्या-01</u> में सम्मिलित पेयजल योजनान्तर्गत प्रस्तावित 85.98 किमी. पाइप लाइन के सापेक्ष 59.58 किमी. पाइप लाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 55.197 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6404 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 5557 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित 04 ग्रामों की आंशित जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है, जिस पर अपर जिलाधिकारी (न.नं.), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा दिनांक 04.02.2025 को योजना मे सम्मिलित ग्रामों को स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि पैकेज में सम्मिलित किसी भी योजना मे नियमित जलापूर्ति नही की जा रही है तथा योजनान्तर्गत अभी भी बहुत से कार्य अवशेष है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त करते हुये अनुबन्धित फर्म के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि माह 25 अप्रैल, 2025 के अन्त तक प्रत्येक दशा में पैकेज में सम्मिलित समस्त ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें। साथ ही फर्म के प्रतिनिधि को निर्देश दिये गये यदि उक्त तिथि तक पैकेज में सम्मिलित समस्त ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ नही की जाती है,

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुये प्रकरण उच्चाधिकारियों को अग्रसारित कर दिया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व फर्म का होगा।

पैकेज संख्या–02 में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 60.832 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 48.195 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 48.15 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 6724 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 5242 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित समस्त ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज के लगभग समस्त कार्यों को पूर्ण किया जा चुका है। कुछ ग्रामवासियों द्वारा गृह संयोजन न लिये जाने के कारण गृह संयोजन के शत–प्रतिशत कार्य को पूर्ण नहीं किया जा पा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा योजनान्तर्गत की जा रही जलापूर्ति का परीक्षण कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को आदेशित किया गया।

पैकेज संख्या–03 में सम्मिलित पेयजल योजनाओं में प्रस्तावित 104.95 किमी. वितरण प्रणाली के सापेक्ष 91.240 किमी. पाइप की आपूर्ति प्राप्त करते हुये 84.826 किमी. पाइप लाइन बिछाने तथा 3515 नग गृह संयोजनों के सापेक्ष 3001 नग गृह संयोजनों का कार्य पूर्ण कराते हुये पैकेज में सम्मिलित 14 ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी गयी है। पैकेज में सम्मिलित 03 ग्रामों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजना में जलापूर्ति प्रारम्भ होने के उपरान्त उक्त ग्रामों जलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

पैकेज संख्या–04 में सम्मिलित 02 नग योजनाओं में प्रस्तावित 02 नग ओवर हैड टैंक के कार्य क्रमशः 100 एवं 95 प्रतिशत एवं 02 नग सी.डब्लू.आर. के शत–प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। पैकेज में प्रस्तावित वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया पैकेज में सम्मिलित ग्राम सकरार ऊँचाई वाले भाग में स्थित कुछ क्षेत्र में कम श्राव से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिसके समाधान हेतु अनुबन्धित फर्म को निर्देशित किया जा चुका है। आगामी 01 सप्ताह में पैकेज में सम्मिलित समस्त ग्रामों में सुचारू जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनाओं में कच्चाजल प्राप्त करने हेतु प्रस्तावित झील/बांधों का ग्रीष्म ऋतु में योजनाओं की जल मांग के अनुरूप जल स्तर बनाये रखने के लिये जिलाधिकारी महोदय, झाँसी द्वारा बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियन्ता, झाँसी प्रखण्ड बेतवा नहर/माताटीला बांध प्रखण्ड/सपरार प्रखण्ड, सिंचाई विभाग एवं अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई निर्माण खण्ड, मऊरानीपुर को निर्देशित किया गया, जिस पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि गुलारा, बचावली एवं तिलैथा योजना के लिये पारीछा बांध से आवश्यक जल की मात्रा 4.73 एम.सी.एम. के सापेक्ष 73.85 एम.सी.एम., बरबाड़ ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 1.83 एम.सी.एम. के सापेक्ष 8.55 एम.सी.एम. जल बड़वार झील में उपलब्ध है। इसी प्रकार माताटीला बांध पर आधारित बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु जल की मात्रा 4.02 एम.सी.एम. के सापेक्ष 78 एम.सी.एम., सपरार बांध पर आधारित कुरैछा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 3.35 एम.सी.एम. के सापेक्ष 19.00 एम.सी.एम. एवं पहाड़ी बांध पर आधारित पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 1.97 एम.सी.एम. के सापेक्ष 8.99 एम.सी.एम., लहचुरा बांध पर आधारित इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना हेतु आवश्यक जल की मात्रा 4.24 एम.सी.एम. के सापेक्ष 10.00 एम.सी.एम. जल बांध में उपलब्ध है, जिससे ग्रीष्म

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

...गु में जल अभाव के कारण योजनाओं की जलापूर्ति बाधित नही होगी। जांच/ कार्यवाहियों के कारण एरच बांध का निर्माण कार्य मई–2017 से बाधित है, जिस कारण बांध में जल एकत्रित नही होता है, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि बेतवा नदी की धारा में टेहरका–बरथरी ग्राम समूह पेयजल योजनान्तर्गत निर्मित इन्टेक वेल के इन्लेट तक जल उपलब्ध रहता है, तो उक्त योजनाओं में जलापूर्ति किये जाने हेतु आवश्यक मात्रा में जल प्राप्त होती रहेगी। विगत वर्ष में उपलब्ध जल की गणना के अनुसार बेतवा नदी में उपलब्ध जल स्तर के नीचे इन्टेक वेल में कच्चे जल की प्राप्ति हेतु स्लॉट लगाया गया है, जिससे ग्रीष्म ऋतु योजनाओं की मांग के अनुरूप जल उपलब्ध होता रहेगा।

जनपद झाँसी में निर्माणाधीन जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड की जलापूर्ति हेतु निर्माणाधीन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत प्रस्तावित इन्टेक वेल के कार्य 90 प्रतिशत, 350 मिमी. व्यास की रॉ–वाटर राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 98 प्रतिशत, 1300 किली. क्षमता के आर.डब्लू.आर. कम पम्प हाउस का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत, 1.50 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का कार्य 80 प्रतिशत, 650 किली. क्षमता की स्वच्छ जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत तथा वाटर वर्क्स कैम्पस की बाउण्ड्री वाल निर्माण कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान तक योजना के 90 प्रतिशत एवं विद्युत/यॉत्रिक सम्बन्धी कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण किये जा चुके है। परन्तु विद्युत संयोजन प्राप्त न होने के कारण योजना के जलापूर्ति प्रारम्भ नही हो सकी है। जिस पर अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ.), जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अगवत कराया गया कि योजना पर विद्युत संयोजन हेतु वांछित प्राक्कलन विद्युत विभाग को प्रेषित किया जा चुका है।

जनरल विपिन रावत डिफेन्स कॉरीडोर झाँसी नोड़ योजना के द्वितीय चरण में प्रस्तावित 03 नग ओवर हैड टेकों के कार्य स्टेजिंग स्तर तक पूर्ण किये जा चुके है। टॉप डोम का कार्य प्रगति पर है। राईजिंग मेन बिछाने का कार्य 80 प्रतिशत पूर्ण कराते हुये वर्तमान तक योजना के 60 प्रतिशत कार्यो को पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्यो को मई–2025 तक पूर्ण करा लिया जायेगा।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद झाँसी में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना के कार्यों की समीक्षा की गयी, जिस पर सहायक अभियन्ता, जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (प्रथम चरण) के समस्त कार्य पूर्ण किये जा चुके है तथा योजनान्तर्गत बिछायी गयी पाइप लाइन की टेस्टिंग का कार्य प्रगति पर है। झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना (द्वितीय चरण) के कार्यो के अन्तर्गत इन्टेक वेल पर एप्रोच ब्रिज का कार्य मात्र 80 मीटर कार्य शेष है, जिसे आगामी 01 सप्ताह में पूर्ण करा दिया जायेगा। इन्टेक वेल पर पम्प अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया चुका है तथा पहाड़ी पर मात्र 52 मीटर कार्य शेष बचा है, जिसे अप्रैल–2025 तक पूर्ण करा दिया जाय

सहायक अभियन्ता, जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि गुरसरांय–गरौठा नगर पेयजल योजनान्तर्गत निर्मित वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट पर आगामी 02–03 दिनों में पानी पहुँचातें हुये 25 अप्रैल, 2025 से वितरण प्रणाली के माध्यम से जलापूर्ति प्रारम्भ दी जायेगी। जनपद झाँसी के अन्य नगर जैसे–बरूआसागर, गुरसरांय, मौंठ एवं समथर में पेयजल आपूर्ति सम्बन्धी निर्माण कार्यो को कराया जा रहा है। परन्तु समथर एवं मौंठ नगर के कार्य होली से श्रमिकों की अनुपलब्धता के कारण बन्द थे। वर्तमान में कार्यो को प्रारम्भ कराया जा रहा है, शीघ्र में उक्त ग्रामों

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with CamScanner

आंशिक जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी। अन्य नगरों में पेयजल योजनाओं के कार्यों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है एवं सर्वे/डिजाईन का कार्य प्रगति पर है।

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

अनुमोदित

जिलाधिकारी/
अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
झाँसी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।

पत्रांक-536/एम28 एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2025/60 दिनांकः 19, अप्रैल, 2025

प्रतिलिपि- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1- मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 शासन, लखनऊ।

2- अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।

3- जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।

5- समस्त सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
उ0प्र0 जल निगम, झाँसी।
सचिव, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन

Scanned with CamScanner